प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

उत्तराखण्ड राज्य के तीन प्रशासनिक अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ

पंतनगर। 14 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय में उत्तराखण्ड प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा विश्वविद्यालय में उत्तराखण्ड के तीन परिवीक्षाधीन प्रशासनिक अधिकारियों वरूणा अग्रवाल, अनामिका एवं आशिष मिश्रा का कृषि तकनीकी विषय पर तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। परिवीक्षाधीन के अधिकारियों ने आज विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अथाह अम्बार है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के 50 हजार से अधिक विद्यार्थी देश–विदेश में विभिन्न पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में स्थापित विभिन्न शोध केन्द्रों से नवीनतम तकनीकी जानकारी प्राप्त करें, ताकि उत्तराखण्ड राज्य को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के दूर–दराज क्षेत्रों में नवीनतम कृषि विधिकरण पद्धति अपनाये ताकि वहां के कृषकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय देश का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय है जिसने रबी फसलों, खरीफ फसलों एवं जायद फसलों की अधिक से अधिक पैदावार देने वाली देश के लिए प्रजातियां विकसित की है। राज्य में विश्वविद्यालय जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती पर मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रभारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ एवं निदेशक संचार, डा. एस. के. बंसल एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ, डा. मोहन सिंह उपस्थित थे।

प्रशासनिक अधिकारियों को विश्वविद्यालय की उपलब्धियां बताते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।